संख्या – 16 गोशाला विकास / 2012 ....31.........

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

विनय कुमार, भा0प्र0से0,
सरकार के सचिव।

URGENT
माननीय उच्च न्यायालय के अवमाननावाद से संबंधित

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पटना / नालन्दा / जमुई / मुजफ्फरपुर / वैशाली / पूर्वी चम्पारण / सारण / सीवान।

पटना – 15, दिनांक ..06/02/15.........

विषयः आपके जिले में स्थित निबंधित गोशालाओं की परिसम्पतियों पर से अतिक्रमण हटाने के संबंध में।

प्रसंगः माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन अवमाननावाद MJC संख्या 590 / 2014 के क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक 15 दिनांक 17.01.15, पत्रांक 18 दिनांक 27.01.2015 एवं पत्रांक 21 दिनांक 30.01.2015।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में कहना है कि आपके जिले से संबंधित गोशालाओं, जिनकी सूची नीचे दी गई है, के संबंध में यह प्रतिवेदन दिया गया है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 23.01.2015 के आलोक में दिनांक 23.02.2015 तक इन गोशालाओं को विधिसम्मत् ढंग से अतिक्रमण मुक्त कराने की वैधानिक मान्यता है।

अतः अनुरोध है कि संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारियों को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दिनांक 23.02.2015 तक विधिसम्मत् ढंग से अतिक्रमण हटाने का निदेश दें। लंबित वादों में संबंधित न्यायालयों के समक्ष माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 23.01.2015 की सूचना समर्पित करते हुए निर्धारित तिथि तक वाद का निष्पादन करने की प्रार्थना करनी होगी। इस मामले में आपका व्यक्तिगत पर्यवेक्षण अतिआवश्यक होगा।

क्र	गोशाला का नाम एवं पता	अनुमण्डल का नाम	जिला का नाम	अतिक्रमित भूमि का ब्यौरा (प्रतिवेदन के आधार पर)	अतिक्रमित भूमि का मुक्त कराने हेतु कार्रवाई का ब्योरा	अभ्युक्ति
1	श्री गोपाल गोशाला, बाढ़	बाढ़	पटना	18 बी0 6 क0	टा0सू0–141 / 89	
2	श्री गोरक्षिणी गोशाला, बिहार, राजगीर	बिहारशरीफ	नालन्दा	1.10 ए0	टा0सू0–262 / 09 "–266 / 2009 "–12 / 1995	
3	श्री रामकृष्ण गोशाला, जमुई	जमुई	जमुई	0.35 ए0	टा0सू0–27 / 14	
4	श्री गोशाला समिति साहेबगंज, करनौत	पश्चिमी मुजफ्फरपुर	मुजफ्फरपुर	0.04 ए0	वाद सं0–218 / 2000 न्यायालय में लंबित	
5	श्री गोरक्षिणी सभा, हाजीपुर	हाजीपुर	वैशाली	0.15 ए0	टा0सू0–360 / 98	
6.	श्री कृष्ण गोशाला, सुगौली	रक्सौल	पूर्वी चम्पारण	6 क0 19 धुर	189 / 2007	
7	श्री जनता गोशाला, विष्णुपुरा	छपरा	छपरा	9 बी0	231 / 86	
8	श्री गोपाल कृष्ण गोशाला, सिवान	सिवान	सिवान	5 क0 16 धुर	12258 / 14	

विश्वासभाजन,

6/2/15

सरकार के सचिव।